मूल्यः एक रुपया

# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com    www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–21, दिसंबर 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## बढ़ते मुनाफे की मज़बूत बुनियाद



देश में निर्माण को नई ऊँचाई देने के लिए कामधेनु लिमिटेड लगातार बेहतरीन उत्पादों का निर्माण कर रही है। कंपनी के ये उत्पाद जहां ग्राहकों को निर्माण का वन स्टॉप सोल्यूशन दे रहे है वहीं देश की बुनियाद को भी मजबूती दे रहे हैं। ग्राहक फर्स्ट पॉलिसी पर बढ़ते हुए कंपनी ने ग्राहकों के साथ एक हैल्दी रिलेशनशिप को विकसित किया जो कंपनी को निरंतर मुनाफे की ओर ले जा रहा है। कंपनी ने जिस तरह से आधुनिक इंटरलॉक स्टील का निर्माण कर आधारभूत ढांचों को बेजोड़ मजबूती दी उसी तरह ग्राहकों के भरोसे को ब्रांड और गुणवत्ता का बेजोड़ इंटरलॉक भरोसा दिया है।

बेहतर सोच, समझ और क्षमता के बल पर मजबूती के साथ बढ़ते हुए कंपनी ने वर्ष की दूसरी तिमाही में शानदार मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान तिमाही में 188 करोड़ रुपये का कुल करोबार किया था जिसे कंपनी ने बेहतर प्रबंधन के जरिए बढ़ाया और 270 करोड़ रुपये का कारोबार किया। कारोबार के बढ़ने से कंपनी के लाभ पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ा और कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़ गया।

हमेशा बेहतर करने के दृढ़ संकल्प और नये लक्ष्य की ओर बढने में कंपनी के टॉप मैनेजमेंट ने बिजनेस में आने वाले उतार–चढ़ाव का बखूबी आंकलन किया। डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर और चैनल पार्टनर्स के श्रेष्ठ नेटवर्क को तैयार करते हुए उत्पादों को ग्राहकों तक आसानी से पहुंचा रहे हैं। इस्पात के नये उन्नत उत्पादों का निर्माण करना और उनको किफायती बनाना आज के समय में दोनों ही चुनौतीपूर्ण कार्य हैं। इसमें R&D और लॉजिस्टिक्स दोनों ही महत्वपूर्ण है। इन दोनों को ही कामधेनु लिमिटेड ने साध लिया है जिसके नतीजे मुनाफे के रूप में लगातार सामने आ रहे हैं।

नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT, SS10000, COLOUR MAX और COLOUR DREAMZ जैसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश का जाना–माना ब्रांड बनाने वाले कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल जी ने दूसरी तिमाही के नतीजे पर उत्साह प्रकट करते हुए कहा, ''कंपनी के वर्तमान तिमाही नतीजे हमारी उम्मीद के अनुसार हैं। हमने लोगों का भरोसा कंपनी पर बनाए रखा है। हम अपने उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार तो कर ही रहे हैं साथ ही लोगों के उम्मीद के मुताबिक गुणवत्ता को भी बनाए रख रहे हैं। देश की वर्तमान योजनाएं 'स्मार्ट सिटी' और 'मेक इन इंडिया' में भागीदारी बढ़ाने के लिए पूरे देश में बेहतर नेटवर्क के जरिए उत्पादों की पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं। इसमें कंपनी मैनेजमेंट, चैनल पार्टनर्स, डीलर्स का भी योगदान सराहनीय है। कम शब्दों में कहें तो कामधेनु लिमिटेड बढ़ते मुनाफे की मजबूत बुनियाद है''



# देश की हाईटेक सिटी में शुरु हुई मेट्रो ट्रेन

विश्व में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाने वाले शहर हैदराबाद में भी मेट्रो ट्रेन की शुरुआत हो गई। 28 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद मेट्रो के पहले चरण का उद्घाटन किया। मियापुर से नागोले के बीच इसके 30 किलोमीटर के हिस्से में 24 स्टेशन बनाए गए है। इस मेट्रो परियोजना में की कुल दूरी 72 किलोमीटर है।

इस मेट्रो परियोजना की खास बात यह है कि इसे सार्वजनिक और निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत बनाया गया है। पीपीपी मॉडल के तहत बनी यह मेट्रो अपनी तरह की सबसे लंबी मेट्रो रेल परियोजना है। मेट्रो की पूरी जानकारी देने और यात्रियों तक सुगम सूचना पहुचाने के लिए हैदराबाद मेट्रो लिमिटेड द्वारा टी सवारी नाम से मोबाइल एप को भी शुरु किया गया। यह मेट्रो अपने शुरुआती दिनों में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी। यात्रियों की संख्या और जरूरत के मुताबिक इसके समय को सुबह साढ़े पांच बजे से रात 11 बजे तक किया जाएगा। प्रत्येक ट्रेन में शुरूआत में तीन कोच होंगे और मांग के आधार पर कोच की संख्या को बढ़ाकर 6 किया जाएगा। दो किलोमीटर के लिए न्यूनतम किराया 10 रूपये तय किया गया है और 26 किलोमीटर से ज्यादा दूरी के लिए अधिकतम किराया 60 रुपये निर्धारित किया गया है।

# वैश्विक उद्यमिता शिखर सम्मेलन (जीईएस) में सम्मिलित हुई इवांका

देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हैदराबाद में आयोजित की गई वैश्विक उद्यमिता शिखर सम्मेलन में देश के साथ विश्व के कई देशों के उद्यमी सम्मिलित हुए। मगर इस सम्मेलन में अमरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की बेटी और सलाहकार 'इवांका' ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। 8 से 30 नवंबर तक चले इस शिखर सम्मेलन में इवांका अमेरिकी अधिकारियों और उद्यमियों के प्रतिनिधि–मंडल का नेतृत्व कर रही थी।

महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्ररित करने के लिए इस सम्मेलन की थीम भी ''महिला सर्वप्रथम और सबकी समृद्धि'' रखी गई। महिलाओं को सशक्त करने करने के लिए किए जा रहे प्रयास और अपने भव्य स्वागत से उत्साहित इवांका ने सबका अभिवादन किया। इवांका ने अपने संबोधन में भी महिला उद्यमियों के साहस और संघर्ष की सराहना की। यह सम्मेलन मुख्य तौर पर चार क्षेत्रों पर केंद्रित था। जिनमें ऊर्जा और बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, वित्तीय प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र शामिल हैं।

GLOBAL ENTREPRENEURSHIP SUMMIT
INDIA 2017

# इंडियन फेमिली ने बनाया 'मॉलिक्यूल' वायु प्रदूषण से लड़ने में होगा कारगर



अमरिका में रह रहे भारतीय मूल के प्रोफेसर योगी गोस्वामी और उनके परिवार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक खास 'मॉलिक्यूल' ढूंढ निकाला है। ये 'मॉलिक्यूल' हानिकारक प्रदूषकों को पूरी तरह से खत्म कर देता है। इस आविष्कार को 'टाइम' मैगजिन' के 2017 के टॉप 25 आविष्कारों की सूची में शामिल किया गया है।

वायु प्रदूषण पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ी परेशानी बनता जा रहा है ऐसे में यह आविष्कार पूरी दुनिया के लिए बहुत उपयोगी साबित होने वाला है। अभी तक एयर प्योरिफायर के क्षेत्र में HEPA (एफिसिएंसी पार्टिक्युलेट ऑब्जर्बर) एक स्टैंडर्ड टेक्नोलॉजी रहा है जो हानिकारक प्रदूषकों को पूरी तरह से फिल्टर नहीं कर पाता है। HEPA बड़े बैक्टिरिया और फफूंद को फिल्टर में जमा करता है और बाद में जिसे हवा में छोड़ दिया जाता है।

# डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर को मिला लंदन और स्कॉटलैंड टूर का तोहफा



बिज़नेस में हैल्दी एनवायरमेंट को डिवेलप करने के लिए कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही बेहतरीन इंसेंटिव लाती रहती है। ये इंसेंटिव जहां कंपनी से जुड़े हर सदस्य में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते है वहीं उन्हें लगातार बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। अपने इंसेटिव प्रोग्राम के तहत कंपनी ने इस बार उन डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को चुना है, जिन्होंने टारगेट को पूरा करने में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टारगेट को पूरा करने वाले दिल्ली और हरियाणा के डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स को लंदन और स्कॉटलैंड की सैर का खास तोहफा दिया गया।

इस खास टूर पैकेज में कंपनी के डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के दो ग्रुप में यूरोप के इन दो खास क्षेत्रों की सैर का शानदार मौका मिला। पहले ग्रुप की यात्रा 27 नवंबर से 5 दिसंबर और दूसरे ग्रुप की यात्रा 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक चली। दोनों ही समूह को इंगलैंड के प्रमुख शहर लंदन और स्कॉटलैंड के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों की आधुनिक जीवन शैली, ऐतिहासिक विरासत और टिकाऊ विकास और ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट को पास से समझने का मौका मिला। पहले ग्रुप में कामधेनु लिमिटेड से श्री सचिन अग्रवाल (निदेशक), श्री राजीव शर्मा (सीनियर जीएम मार्केटिंग) और दूसरे ग्रुप में श्री नीरज जैन (निदेशक, एएमआईएल), श्री सुशील भारद्वाज (एजीएम मार्केटिंग, दिल्ली) एवं श्री अमित सुरौठिया (सीनियर मैनेजर मार्केटिंग, हरियाणा) ने अपने मैनेजमेंट स्किल से टूर का बेहतरीन मैनेजमेंट किया। पहले ग्रुप में डिस्ट्रीब्यूटर श्री गुलशन गुप्ता, श्री अनिल शारदा, श्री धरमपाल खेड़ा, श्री संजीव डांग, श्री राजन दुआ, श्री सुमित अरोड़ा और दूसरे ग्रुप में श्री मामन चंद गोयल, श्री नरेश गर्ग, श्री सतीश महाजन, श्री सुरेश गर्ग, श्री रजिंदर गर्ग, श्री संजय एवं श्री दीपक मित्तल सम्मिलित हुए।

इस यादगार टूर का पहला पड़ाव स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग का नोवाटेल होटल था। यहां डीलर्स ने फुर्सत के पल बिताए इसके बाद इन्होंने स्कॉटलैंड के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एडिनबर्ग कासल (एडिनबर्ग किला) की सैर की। खान–पान का लुत्फ लेने के लिए यहां द मुंबई मेशन, कस्तुरी, श्री भीम, और मुमताज जैसे प्रसिद्ध रेस्टोरेंट में देशी तड़के के साथ विदेशी व्यंजनों का स्वाद चखा। आगे बढ़ते कारवां के साथ लोच लोमंड क्रूज और रॉयल याच से यहां के मनोरम दृश्यों का भरपूर आनंद लिया। अपने अगले पड़ाव में डीलर्स लंदन के पाँच सितारा होटल हॉलिडे इन में रुके और विंडसर कासल (किला), प्रागैतिहासिक काल के स्टोनहंज एवं टॉवर ऑफ लंदन जैसे ऐतिहासिक स्थलों की सैर की। साथ ही थेम्स नदी के किनारे पर बने लंदन आई झूले से लंदन शहर की खूबसूरती को देखा। इस टूर पर डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कभी न भूलने वाले यादगार पलों को बिताया जो उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।



# नये बंधन के साथ डीलर्स जागरूकता

आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाले कंस्ट्रक्शन उत्पादों का निर्माण कर देश में कामधेनु लिमिटेड ने स्वयं को इनोवेटिव कंपनी के तौर पर विकसित किया है। कंपनी ने हमेशा इस इनोवशन को नए रूप में ढालने का प्रयास किया है। नये उत्पादों की ब्रांडिंग हो या डीलर्स व ग्राहकों के साथ बेहतर बॉन्डिंग सब में कंपनी ने हमेशा ही नयी पहल की है। अब कंपनी डीलर्स में ग्राहकों के नजरिए को बेहतर ढंग से समझने के लिए ट्रेनिंग दे रही है ताकि डीलर्स ग्राहकों के व्यवहार एवं जरूरतों को समझते हुए कंपनी के इनोवेटिव इस्पात उत्पाद KAMDHENU NXT के उपयोग के लिए ग्राहकों को और बेहतर तरीके से प्रेरित कर सके।

इसी प्रयास के तहत कंपनी द्वारा "बंधन मीट" नाम से इवेंट का आयोजन 16 दिसंबर को कोलकाता के बेहतरीन होटल आईटीसी फारच्यून में किया गया। बिहार के भागलपुर, खगरिया, माधेपुरा और बेगुसराय जिले के डीलर्स के लिए आयोजित इस इवेंट को मेसर्स राधिका इंटरप्राइजेस की ओर श्री बासु सर्राफ ने आयोजित किया। यहां कामधेनु लिमिटेड की ओर से श्री एस.बी. शर्मा (सीनियर जीएम) और श्री संतोष सिंह (जीएम) ने डीलर्स को KAMDHENU NXT की मांग को बढ़ाने के लिए मार्केटिंग के गुर सिखाए। यहां लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए KAMDHENU NXT का उत्पादन करने वाली कंपनी दादीजी स्टील्स की ओर से श्री विजय गुप्ता ( निदेशक), श्री बिनय सिंह (निदेशक), श्री बासु सर्राफ (डिस्ट्रीब्यूटर), श्री मुकुंद सहाय (मैनेजर) और श्री निरज राय (असिस्टेंट मैनेजर) सम्मिलित हुए।

मार्केटिंग गुर और सेल्स कौशल को बेहतर करने के लिए आयोजित इस इवेंट में वित्तीय वर्ष 2016–17 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में श्री अजय गुप्ता (मेसर्स गुप्ता ट्रेडिंग, महेश खुट, खगरिया), श्री नवीन गोयंका (मेसर्स गोयंका स्टील एंड हार्डवेयर, खगरिया), श्री प्रदीप अग्रवाल (मेसर्स माँ दुर्गा ट्रेडर्स, टेघरा, बेगुसराय), श्री गोपाल राय ( मेसर्स हरि ओम ट्रेडर्स, बेगुसराय), श्री बजरंग अग्रवाल (मेसर्स बजरंग अग्रवाल, चौशा, मधेपुरा), श्री सुशील कुमार (मेसर्स राम गोविंद राम एंड संस, गोवालपदा, मधेपुरा) और श्री रोहित (मेसर्स रोहित एजेंसी, भागलपुर) को बिजनेस टारगेट को पूरा करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.12.2017






# देश के ईस्ट में लॉन्च हुआ बेस्ट स्टील

## KAMDHENU NXT

DOUBLE RIB TMT BAR



निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी के तौर पर अपनी पहचान बनाने के साथ ही कामधेनु लिमिटेड ने लगातार इनोवेटिव उत्पादों को भी पेश किया है। और इसे एक जज्बे के साथ पूरे देश में पहुंचाने का सफल प्रयास भी किया है। कंपनी ने इनोवेटिव थीम पर आगे बढ़ते हुए नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT का निर्माण किया जो देश में निर्माण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में कारगार साबित हो रहा है। आधारभूत विकास को बेजोड़ मजबूती देने वाले उत्पाद KAMDHENU NXT को कंपनी ने 17 दिसंबर को पूरे जोश के साथ गुवाहाटी में लॉन्च किया।

देश आज 'एक्ट ईस्ट' पॉलिसी पर आगे बढ़ रहा है, ताकि इस पहल के द्वारा पूर्वोत्तर का विकास किया जा सके। कामधेनु हमेशा नई पहल को आत्मसात करने के लिए जानी जाती है। देश के विकास में पूर्वोत्तर के विकास की अहमियत को कंपनी ने पहले ही समझा और अपने हर इनोवेटिव उत्पाद को कंपनी ने असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में पहुंचाया है। KAMDHENU NXT की असम में लॉन्चिंग भी इसी क्रम का हिस्सा है। इनोवेटिव उत्पाद के निर्माण को प्रेरित करने वाले कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील कुमार अग्रवाल ने इस उत्पाद को गुवाहाटी के पाँच सितारा होटल ताज विवांता में एक भव्य कार्यक्रम के साथ लॉन्च किया।

इस भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम में 150 डीलर्स सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम श्री सुनील अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। यहां पर अग्रवाल जी ने KAMDHENU NXT की खासियतों से डीलर्स को अवगत कराया और मजबूत एवं टिकाऊ विकास के लिए उपयोगी KAMDHENU NXT के महत्व को समझाया। साथ ही इसके बिजनेस मॉडल को साझा किया ताकि डीलर्स भी इस नेक्स्ट जनरेशन स्टील को ग्राहकों तक पूरे लगन के साथ पहुंचा सके।

यहां श्री अग्रवाल जी ने डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा, ''समय के साथ बिल्डिंग के डिजाइन में जटिल बदलाव आ रहे हैं और इन बदलावों के साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों की जरूरत बढ़ती जा रही है। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए हमने KAMDHENU NXT को बनाया जो इंजीनियरिंग की चुनौतियों पर खरा उतरता है। जो अपनी बेजोड़ मजबूती, नमनीय क्षमता, इंटरलॉक पकड़ के कारण नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील है। कुछ यूं कहें तो ये सपनों को बुनियाद और हौसलों को गगनचुंबी मजबूती देता है।''

कामधेनु लिमिटेड के पदाधिरियों में श्री दिलीप मेहरा, सीनियर मैनेजर, सुश्री नीतू कटारिया सीनियर मैनेजर, श्री चरनजीत सिंह, (सीनियर मैनेजर, असम), श्री धरनीधर दत्ता (मैनेजर, असम) सम्मिलित हुए। सभी वरिष्ठ अधिकरियों ने KAMDHENU NXT की प्रबंधकीय योजनाओं को डीलर्स के साथ साझा किया।

असम में लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए कामधेनु स्टील का निर्माण करने वाली कंपनी माँ दुर्गा स्टील के पदाधिकारी भी इस लॉन्चिंग इवेंट में सम्मिलित हुए। इन पदाधिकरियों में श्री राजु भाई चौधरी, श्री अमीत चौधरी, श्री रोहित चौधरी, श्री विनोद अग्रवाल सम्मिलित हुए। यहां इन्होंने कहां KAMDHENU NXT अगली पीढ़ी का इस्पात उत्पाद है जो नये जमाने की सोच को आगे बढ़ाता है। हमें खुशी है कि हम ऐसी कंपनी के साथ जुड़े हुए है जो इनोवेटिव उत्पाद और इनोवेटिव बिजनेस मॉडल की दिशा मे बेहतरीन काम कर रही है।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**श्री करण गुप्ता, श्री मोहित गुप्ता**
**मेसर्स जय मां चिन्तपूर्णी ट्रेडिंग कं.**
लम्बा पिंड चौक, जालंधर–144001
मो. 8699401818, 9779401818

**श्री अंशू कक्कर**
**मेसर्स भोले नाथ ट्रेडिंग कम्पनी**
राय सिख भवन के सामने
जिरा रोड, फिरोजपुर–152002
मो. 9463500044

**श्री निरमल सिंग**
**मेसर्स गुरू नानक पेंट, हार्डवेयर एण्ड सैनेट्री स्टोर**
बेगोवाल रोड, जलालपुर–144304
जिला – होशियारपुर
मो. 9814377848

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com